ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा-846004

पत्रांक: C/DR-I/3433/24 दिनांक: 27/02/2024

सेवा में,

रेखा कुमारी,
निदेशक, उच्च शिक्षा,
शिक्षा विभाग, बिहार सरकार,
पटना।

विषय :– डॉ0 महेश प्रसाद यादव, पिता– श्री भाईजी यादव, प्रयोग प्रदर्शक, आर0सी0एस0 कॉलेज, मंझौल, बेगूसराय द्वारा राजभवन, बिहार पटना में किये गये अपील के संबंध में।

प्रसंग :– उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार पटना का पत्रांक 14/एम 7–151/2023–150 दिनांक 29.01.2024

महाशय,

निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार पटना का पत्र पत्रांक उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार पटना का पत्रांक 14/एम 7–151/2023–150, पटना दिनांक 29.01.2024 के माध्यम से डॉ0 महेश प्रसाद यादव, प्रयोग प्रदर्शक, आर0सी0एस0 कॉलेज, मंझौल, बेगूसराय द्वारा राजभवन, बिहार पटना में किये गये अपील के संबंध में कहा है कि प्रधानाचार्य, आर0सी0एस0 कॉलेज, मंझौल, द्वारा यह सूचना दी गयी है कि श्री यादव दिनांक 23.07.2021 से 14.12.2022 तक कुल 506 दिनों में 12 दिन ही महाविद्यालय में उपस्थित रहे है। तथा 449 दिनों का Medical Leave तथा 45 दिनों का Casual Leave के लिए आदेवन दिया है। इनके द्वारा अपनी सेवा पुस्तिका महाविद्यालय में उपलब्ध नहीं करायी गई है जिससे इनके अवकाशों की गणना की जा सके।

उपर्युक्त प्रसंग में सूचनीय है कि डॉ0 महेश प्रसाद यादव द्वारा राजभवन, पटना में किये गये अपील संबंध में दिनांक 25.07.2023 दिनांक एवं दिनांक 12.09.2023 को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान श्री यादव द्वारा अपना पक्ष रखा गया। साथ–साथ विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों द्वारा भी कृत कार्रवाई के संबंध में अपना पक्ष रखा गया। सुनवाई में इनकी सेवा पुस्तिका निर्माण हेतु दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु श्री यादव से कहा गया। डॉ0 यादव द्वारा उपलब्ध कराये गये दस्तावेज के आधार पर स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग द्वारा इनकी सेवा पुस्तिका निर्माण कर प्रधानाचार्य, आर0सी0एस0 कॉलेज, मंझौल, बेगूसराय को हस्तगत करा दिया गया। इनके द्वारा डॉ0 यादव के द्वारा उपभोगित Medical Leave तथा Casual Leave को सेवा पुस्तिका में अंकित कर पुनः सेवा पुस्तिका स्थापना शाखा, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को हस्तान्तरित करा दिया गया। इनकी एक छायाप्रति प्रधानाचार्य महोदय को तथा एक छायाप्रति डॉ0 महेश प्रसाद यादव को हस्तान्तरित/सुपूर्त कर दिया गया हैं। इसकी सूचना राज्यपाल सचिवालय को श्री प्रेषित कर दिया गया। पत्रा0पृ0 378 पर द्रष्टव्य। तत्पश्चात् वि0वि0 पत्राक C/CC/7040/23 दिनांक 20.07.2023 एवं C/CC/1106/24 दिनांक 16.01.2024 के द्वारा प्रधानाचार्य, आर0सी0एस0 कॉलेज, मंझौल, बेगूसराय को डॉ0 महेश प्रसाद यादव का वेतन विवरणी (23.07.2021 से 28.02.2023 तक) उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित किया गया, पत्रा0पृ0 387–388 पर। महाविद्यालय द्वारा प्रेषित वेतन विवरणी के आलोक में

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा-846004

डॉ0 महेश प्रसाद यादव, प्रयोग प्रदर्शक, आर0सी0एस0 कॉलेज, मंझौल, बेगूसराय को सूचित कर दिया गया कि अवकाश विवरणी एवं वेतन विवरणी की जाँचोपरान्त भुगतान सुनिश्चित की जाएगी। पुनः राज्यपाल सचिवालय द्वारा निर्धारित दिनांक 23.01.2024 को इस मामले की सुनवाई हुई जिसमें वि0वि0 द्वारा कहा गया कि वित्त पदाधिकारी का पद रिक्त रहने के कारण वेतनान्तर का भुगतान नहीं हो पाया है। भुगतान योग्य राशि का भुगतान वित्त पदाधिकारी के नियुक्ति होने के उपरांत कर दी जायेगी। वित्त पदाधिकारी की पदस्थापना हो गई है। अब श्री यादव संबंधित वाद का निदान करने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

संदर्भित मामले में श्री यादव के विरूद्ध लगाये गये अभियोग की जाँचोपरान्त समिति की निर्णयानुसार अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए श्री यादव को निलम्बित विश्वविद्यालय पत्रांक C/DR-I/400-06/23 दिनांक 13.01.2023 की कार्रवाई एवं निलम्बन मुक्ति के लिए दो वेतन वृद्धि कम कर निलम्बन मुक्त किया गया है। श्री यादव दिनांक 29.02.2024 को सेवानिवृत हो रहे है। अतएव इनके बकायादि की गणना पेंशनादि लाभ के लिए श्री यादव द्वारा निर्धारित प्रक्रियानुसार सेवानिवृति लाभ हेतु प्रपत्र अभिलेख प्राप्ति के उपरान्त कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

अनुलग्नक :– यथोक्त।

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से,
ह0/–
कुलसचिव

ज्ञापांक : C/DR-I/3434-37/24 दिनांक : 27/02/2024

प्रतिलिपि प्रेषित :–

1. उप–कुलसचिव (प्रथम), ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
2. नोडल पदाधिकारी, आई0टी0सेल, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
3. माननीय कुलपति महोदय के सचिव/कुलसचिव महोदय के निजी सहायक, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषितं।
4. गार्ड फाईल, स्थापना शाखा, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

27/02/2024
कुलसचिव

27/02/2024